an>

Title: Need to declare tax-holiday for industries in Gadchiroli Chimur Parliamentary constituency, Maharashtra.

श्री अशोक महादेवराव नेते (गढ़चिरोली-चिमुर)ः आज देश नक्सलवाद से बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसका एक प्रमुख कारण इन क्षेत्रों का अविकसित होना ही है। यदि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास करके वहां के लोगों को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने का सतत प्रयास किया जाये, तो नक्सलवाद की समस्या से काफी हद तक निपटा जा सकता है।

महाराष्ट्र राज्य का गड़चिरोली-चिमूर जनजातीय संसदीय क्षेत्र नक्सलवाद से बुरी तरह प्रभावित है। इस क्षेत्र में मैंगनीज, लौह, अभ्रक, हीरा इत्यादि खनिज पदार्थ प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। यहां पर खनिज आधारित और अन्य छोटे-बड़े उद्योग स्थापित करके गरीब आदिवासी लोगों को रोजगार मुहैया कराया जा सकता है। ऐसा करने से आदिवासी युवकों को न केवल रोजगार उपलब्ध होगा, बल्कि इस क्षेत्र का विकास भी होगा और वे राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड सकेंगे।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह नक्सलवाद से बुरी तरह प्रभावित अति दुर्गम, पिछड़े आदिवासी एवं उद्योग रहित गड़चिरोली-चिमूर क्षेत्र के लिए टैक्स होलिडे पैकेज घोषित करके केन्द्रीय स्तर से छोटे-बडे उद्योग स्थापित कर उसी प्रकार से केन्द्रीय करों में छूट प्रदान करें, जैसे उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों के विकास हेतु टैक्स होलिडे पैकेज के अंतर्गत दी गई है, ताकि इस क्षेत्र के गरीब आदिवासी युवकों को रोजगार मुहैया हो सके और नक्सवाद की समस्या से निजात मिल सके और वे देश की मुख्यधारा में शामिल हो सकें।